# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 03 July 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. छत्तीसगढ़ में आयोजित ईस्टर्न स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में जयपुर के सुभाष चौधरी ने अंडर-19 वर्ग में कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक
(B) रजत पदक
(C) कांस्य पदक
(D) इनमें से कोई नही

- छत्तीसगढ़ में आयोजित ईस्टर्न स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में जयपुर के सुभाष चौधरी ने अंडर-19 वर्ग का रजत पदक जीता।
- खिताबी मुकाबले में उन्हें दिल्ली के युशा नफीस के खिलाफ से हार का सामना करना पड़ा।
- सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश अकादमी के खिलाड़ियों ने रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित ईस्टर्न ग्रैंडस्लैम-2026 स्क्वैश चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया

## Yesterday Revision

प्रश्न 01. सोनीपत में आयोजित चयन ट्रायल के आधार पर राजस्थान के कितने तीरंदाजों का चयन भारतीय टीम में हुआ है?:- 5 तीरंदाजों का।

प्रश्न 02. राजस्थान के शहरी स्थानीय निकायों में आधारभूत सुविधाओं के समावेशी विकास के लिए स्थानीय शासन विभाग (DLB) ने किस संस्था के साथ समझौता (MoU) किया है?:- HUDCO (हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड)।

प्रश्न 03. राजस्थान में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास के लिए किस अनूठी स्कीम की शुरुआत की गई है:- खुशी शाला (Khushi Shala)।

प्रश्न 04. राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई 'ई-मित्र WhatsApp सेवा' के माध्यम से नागरिक घर बैठे कितनी सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे:- 27 सरकारी सेवाओं का।

प्रश्न 05. सब्सिडी वाले उर्वरकों के वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए 'फर्टीलाइजर सेल्स एप्लीकेशन सिस्टम' (FSAS) को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किन जिलों में लागू किया गया है?- राजसमंद और सिरोही।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान सरकार प्रथम चरण में पीपीपी (PPP) मॉडल पर पुष्कर, नाथद्वारा, जैसलमेर और अलवर में 'हाट' (Haats) विकसित करेगी।

(B) राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर इसकी घोषणा की थी

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस (International MSME Day) के अवसर पर 27 जून को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, हस्तशिल्पियों, बुनकरों एवं सूक्ष्म उद्यमों के उत्पादों को एक बेहतर बाजार और वैश्विक मंच उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रथम चरण में पीपीपी (PPP) मॉडल पर पुष्कर, नाथद्वारा, जैसलमेर और अलवर में 'हाट' (Haats) विकसित करेगी।
- इसका उद्देश्य स्थानीय कला और शिल्प को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।
- हर साल 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस) मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2017 में इस दिन को मान्यता दी थी

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) अलवर वन मंडल से अब खैरथल-तिजारा और कोटपूतली-बहरोड़ दो नए वन मंडल बनेंगे।

(2) वन प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने और प्रशासनिक कामकाज को रफ्तार देने के लिए पूरे प्रदेश में आठ नए वन मंडल बनेंगे।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- अलवर वन मंडल से अब खैरथल-तिजारा और कोटपूतली-बहरोड़ दो नए वन मंडल बनेंगे। कोटपूतली-बहरोड़ में जयपुर उत्तर वन मंडल का भी बड़ा भाग शामिल होगा।
- वन मंडलों के पुनर्गठन के बाद अब मुख्य अलवर वन मंडल में 7 रेंज के बजाय केवल 4 रेंज ही शेष रहेंगी।
- वन प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने और प्रशासनिक कामकाज को रफ्तार देने के लिए पूरे प्रदेश में आठ नए वन मंडल बनेंगे।
- इनमें खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़ के अलावा डीडवाना-कुचामन, सलूंबर, फलोदी, ब्यावर, बालोतरा और डीग जिले शामिल हैं

**03.जयपुर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसटी पंजीकरण और ऑडिट के क्षेत्र में देशभर में कौनसा स्थान प्राप्त किया। ?**

**(A) पहला**

**(B) दूसरा**

**(C) तीसरा**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

- जयपुर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसटी पंजीकरण और ऑडिट के क्षेत्र में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया।
- सीजीएसटी कार्यालय एनसीआरबी भवन में वस्तु एवं सेवा कर के नौ वर्ष पूरे होने पर 1 जुलाई को जीएसटी दिवस-2026 का 9वां संस्करण मनाया गया। कार्यक्रम की थीम "सुगम कर व्यवस्था, सशक्त भारत" रही
- केंद्रीय और राज्य करों की खंडित प्रणाली को एक एकीकृत राष्ट्रीय ढांचे से बदलकर देश के कराधान परिदृश्य को पूरी तरह से बदल दिया है। 1 जुलाई, 2017 को "एक राष्ट्र, एक कर" के सिद्धांत के तहत जीएसटी लागू किया गया

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान की उमा चौधरी ने 65वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में संशोधित परिणाम में रजत पदक जीता है

(2) महिला जैवलिन थ्रो स्पर्धा के परिणाम में तकनीकी त्रुटि के बाद संशोधन किया गया है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- 65वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की महिला जैवलिन थ्रो स्पर्धा के परिणाम में तकनीकी त्रुटि के बाद संशोधन किया गया है। संशोधित परिणाम में राजस्थान की उमा चौधरी (जोधपुर) के पदक का रंग बदल गया है।
- पहले उन्हें कांस्य पदक मिला था लेकिन संशोधित परिणाम में उन्हें रजत पदक दिया गया है।
- भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान उत्तर प्रदेश की अनुभवी एथलीट अन्नू रानी ने 56.74 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- उमा चौधरी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो 52.18 मीटर रहा

05. हाल ही में किस हवाई अड्डे पर इंडिगो के एयरबस ए 320 विमान की स्वदेशी गगन (जीपीएस ऐडेड जिओ ओगुमटेड नेविगेशन सिस्टम) से रनवे पर सफल लैंडिंग करवाई गई?

(A) किशनगढ़ हवाई अड्डा

(B) उदयपुर हवाई अड्डा

(C) जयपुर हवाई अड्डा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- 27 जून 2026 को उदयपुर हवाई अड्डे पर इंडिगो के एयरबस ए 320 विमान की स्वदेशी गगन (जीपीएस ऐडेड जिओ ओगुमटेड नेविगेशन सिस्टम) से रनवे पर सफल लैंडिंग करवाई गई।
- इसरो और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा विकसित गगन खुद कोई स्वतंत्र नेविगेशन प्रणाली नहीं है, एक तरह से यह अमेरिकी जीपीएस की गलतियों को सुधारने वाला फैक्ट चेकर है।
- नाविक (नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन) भारत की एक जीपीएस प्रणाली है, जो भारतीय सीमा से 1500 किलोमीटर दूर तक नजर रखती है।

जयपुर, बुधवार, 01 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-132

1. **हस्तशिल्पियों,** बुनकरों एवं सूक्ष्म उद्यमों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में पीपीपी मॉडल पर कहां 'हाट' विकसित किए जाएंगे?
(A) जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और बीकानेर
(B) पुष्कर, नाथद्वारा, जैसलमेर और अलवर
(C) अजमेर, खाटूश्यामजी और बाड़मेर
(D) कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां

2. **हाल** ही में (28 जून, 2026) सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना के कितने वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'बाघ पुनर्स्थापना: अवसर एवं चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया?
(A) 12 वर्ष (B) 15 वर्ष
(C) 18 वर्ष (D) 20 वर्ष

3. **'मन** की बात' के 135वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने महिलाओं द्वारा संचालित 'हरगिला' पक्षी संरक्षण अभियान की सराहना की, यह किस राज्य से संबंधित है?
(A) मेघालय (B) असम
(C) नागालैंड (D) अरुणाचल प्रदेश

4. **राजस्थान** के टियर-2 और टियर-3 शहरों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए हाल ही में (28 जून, 2026) स्वायत्त शासन विभाग ने किस संस्थान के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं?
(A) नाबार्ड (B) हुडको
(C) विश्व बैंक (D) एशियाई विकास बैंक

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत टोंक जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) स्टोन आधारित उत्पाद
(B) कृषि आधारित उत्पाद
(C) स्लेट स्टोन के उत्पाद
(D) मार्बल एवं ग्रेनाईट के उत्पाद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में 'फर्टीलाइजर सेल्स एप्लीकेशन सिस्टम' (FSAS) को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजस्थान के किन जिलों में लागू किया गया है।?**

(A) राजसमंद और सिरोही
(B) जैसलमेर और जोधपुर
(C) जयपुर और सीकर
(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine